# H.B. Fuller

# व्यापारिक आचार संहिता

*जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश, जापानी, चीनी, इतालवी या पुर्तगाली में एचबी फुलर कंपनी की व्यापारिक आचार संहिता की समीक्षा करने के लिए एचबीऍफ़ (इंट्रानेट साईट) पर जाएं, लौ ग्रुप के तहत "नैतिकता और अनुपालन" पर क्लिक करें.*

प्रिय कर्मचारी:

एचबी फुलर कंपनी में हम अपने नैतिक आचरण और हमारे व्यवसाय को नियंत्रित करने वाले विस्तृत नियमों एवं कानूनों के पालन के उच्च मानकों पर गर्व करते हैं. हमारा प्रयत्न रहता है कि व्यापार का संचालन ऐसे तरीकों से किया जाए जिनसे हमें श्रेय मिले, सामूहिक श्रेय कंपनी के रूप में और व्यक्तिगत श्रेय कर्मचारी के रूप में.

इस परंपरा की निरंतरता को बनाए रखना, आपके नित्य प्रतिदिन के ईमानदार और विचारपूर्ण कार्यों पर निर्भर है. मेरा तात्पर्य आपके निजी सिद्धांतों, व्यावसायिक परख और कंपनी की नीतियों का आपके द्वारा अक्षरश पालन से है. सरल शब्दों में, हम में से कोई कभी भी किसी व्यापारिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपनी व्यक्तिगत इमानदारी को न त्यागे.

हमारे उच्च नैतिक मानक और सभी कानूनों का निरंतर पालन ही हमारे सभी कार्यों पर लागू होते हैं. यही तत्व ग्राहकों, कर्मचारियों, शेयरधारकों और समुदायों के साथ हमारे वर्तमान और भविष्य के संबंधों के लिए मार्गदर्शन करते हैं और हमारी निरंतर सफलता के लिए योगदान देते हैं.

यह व्यापारिक आचार संहिता हमारे सिद्धांत समझाती है, हमारी "मूल " (मूल) नीतियों का सार प्रदान करती है और हमें नैतिक निर्णय लेने में अतिरिक्त सहायता देती है. मुझे विश्वास और भरोसा है कि आप सब इस संहिता को पढेंगें, और वर्तमान में और भविष्य में कभी भी आवश्यकता होने पर आप मुझ से मार्गदर्शन लेंगे.

जेम्स जे ओवेन्स
अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी

# व्यापारिक आचार संहिता की क्रमिक रुपरेखा:

**किसी प्रश्न अथवा समस्या की स्थिति में क्या करें**................4

**नैतिक निर्णय लेना**..........................................................5

**एच बी फुलर के व्यापारिक रिश्ते**

**ग्राहकों के साथ:**

सही प्रतिस्पर्धा और प्रतिस्पर्धात्मक सूचना..............................6

**कर्मचारियों के साथ:**

सही व्यव्हार और समान रोजगार (के अवसर)............................8

नशा और शराब..................................................................8

**शेयरधारकों के साथ:**

गोपनीय जानकारी..............................................................9

पूर्ण और परिशुद्ध व्यापारिक दस्तावेज और सूचनाएं ....................9

कंपनी की परीसंपत्ति का संरक्षण............................................9

**समुदाय के साथ:**

सामुदायिक मामले.........................................................11

पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा सम्बंधित चिंताएं......................11

**एच बी फुलर की व्यापारिक परम्पराएं**

उपहार और मनोरंजन.......................................................12

कोंफ्लिक्त ऑफ इंट्रस्ट/हितों के टकराव.............................12

कॉर्पोरेट अवसर.............................................................12

कंपनी की सिक्युरिटीज में ट्रेडिंग.......................................14

कॉपीराइटस और सॉफ्टवेयर..............................................14

**एचबी फुलर का कानूनी और विनियामक अनुपालन**

एंटीट्रस्ट कानून..............................................................15

भ्रष्ट आचरण/ तरीके........................................................16

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार.........................................................17

## संहिता क्यों महत्वपूर्ण है:

निदेशकों, अधिकारियों, और कर्मचारियों सहित एचबी फुलर की ओर से काम कर रहे हर कर्मचारी का उत्तरदायित्व है कि निम्न को बढ़ावा दे:

- व्यक्तिगत और व्यापारिक संबंधों में वास्तविक या दिखने वाले हितों के विरोधाभास की स्थितियों के नैतिक प्रबंधन सहित ईमानदार और नैतिक आचरण;
- एच बी फुलर द्वारा अमेरिका के प्रतिभूति और विनिमय आयोग को जो रिपोर्टें और दस्तावेज दाखिल और/या फ़ाइल किए जाते हैं और कंपनी की अन्य सार्वजनिक सूचनाओं में सम्पूर्ण, सही, परिशुद्ध, ठीक समय पर और समझ आने वाले खुलासे;
- सभी लागू सरकारी कानूनों, नियमों और विनियमों का अनुपालन;
- इस संहिता के उल्लंघन, या संदिग्ध उल्लंघन की तत्काल आंतरिक लेखा वर्णन; और
- एचबी फुलर के व्यापारिक आचार संहिता के सपूर्ण अनुपालन की जवाबदेही.

एचबी फुलर निदेशकों और प्रबंधन बोर्ड द्वारा विश्वभर में कंपनी के व्यापार संचालन को नियंत्रित करने के लिए स्थापित व्यापक मानकों का विवरण इस व्यापारिक आचार संहिता में दिया गया है. संहिता द्वारा व्यक्त व्यापक मानकों के अर्थों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत मूल नीतियां भी अपनाई गई हैं. अन्य नीतियां व्यापार इकाइयों, भौगोलिक प्रबंधन और कंपनी के कार्य समूहों द्वारा आवश्यकता के अनुसार अपनाई जा सकती हैं. मूल नीतियां व्यापारिक नैतिकता एवं अनुपालन समिति द्वारा अनुमोदित करी जाती हैं और इस दस्तावेज़ में उनका उल्लेख किया जाता है. मूल नीतियां हमारी इंट्रानेट वेबसाईट (एचबीऍफ़) पर उपलब्ध हैं, नैतिकता और अनुपालन के तहत "क्लिक" करें.

कानून, संहिता, या मुख्य नीतियों के उल्लंघन से कंपनी द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही हो सकती है, जो की आपकी नौकरी की समाप्ति तक और साथ ही व्यक्तिगत दीवानी और आपराधिक मुक़दमे हो सकते हैं। इसके अलावा, आपको सभी ज्ञात या संदिग्ध उल्लंघन उचित प्रबंधन को लिखित वर्णन कर के बताना चाहिए ताकि उचित जांच और कार्रवाई हो सके.

## संहिता क्या है?

संहिता का उद्देश्य है जीवित दस्तावेज और संदर्भ के लिए साधन स्थापित करना इसलिए यह परिवर्तनीय है. यह हमारी क्रियाएं का और विशिष्ट कानूनों के अनुपालन का सार है, और नित्य प्रतिदिन हमारे सामने जो कठिन निर्णय आते हैं उनसे जूझने के लिए दिशा निर्देश प्रदान करती है. इस संहिता को इन कठिन मुद्दों पर बातचीत को प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रारंभिक बिंदु के रूप में सोचा जा सकता है.

## संहिता किस पर लागू होती है :

यह संहिता हम सभी के लिए है: कर्मचारियों, निदेशकों, अधिकारियों, और उन सभी के लिए जो हमारी ओर से एचबी फुलर का प्रतिनिधित्व करते हैं या हमारे लिए कार्य करते हैं. प्रतिवर्ष, कुछ निश्चित कर्मचारियों, निदेशकों, अधिकारियों और प्रतिनिधियों से यह प्रमाणित करा जाना अपेक्षित है कि वे संहिता समझते हैं और उसका अनुपालन करेंगें.

## संहिता किस की सहायता करती है ?

एच बी फुलर विविधतापूर्ण संबंधों एवं विभिन्न ग्राहक क्षेत्रों की सेवा के वातावरण में व्यापार करते हैं. हमारे ग्राहक, कर्मचारी, शेयरधारकों और समुदाय ही हमारे विभिन्न कार्यक्षेत्र हैं. जैसे जैसे प्रत्येक सम्बन्ध से जुड़े विभिन्न मुद्दे, आवश्यकताएं और उत्तरदायित्व सामने आते हैं, हमारी समग्र व्यापारिक कार्य-शैली इन क्षेत्रों पर अवश्य ध्यान देंगी.

## किसी प्रश्न अथवा समस्या की स्थिति में क्या करें?

हम वचनबद्ध हैं कि यदि इस संहिता या एचबी फुलर में नैतिकता से कार्य करने के बारे में कोई भी प्रश्न हो तो उसके उत्तर के लिए हम आपको कुशल एवं प्रभावी साधन उपलब्ध कराएं.

आपके मुद्दों में निम्न भी शामिल हो सकते हैं (अन्य के साथ):

- विभिन्न नीतियों का स्पष्टीकरण.
- किसी विशेष नैतिक और विधिक स्थिति में क्या कार्यवाही करें.
- कानूनों और नीतियों के सदिग्ध उल्लंघन की चिंता और लिखित वर्णन.

एचबी फुलर का सुलभ (ओपन डोर) दृष्टिकोण जरुरत पड़ने पर प्रबंधन के लगातार उंचे स्तरों तक आपकी पहुंच की अनुमति देता है.

आप क्या कर सकते हैं:

- ❑ अपने पर्यवेक्षक या मैनेजर को अपनी चिंताएं बता सकते हैं,
- ❑ उनके बारे में मानव संसाधन विभाग के साथ चर्चा कर सकते हैं,
- ❑ कानून विभाग से परामर्श कर सकते हैं,
- ❑ कंपनी से स्वतंत्र एचबीऍफ़ पाथ नैतिकता हॉटलाइन में कॉल या ई - मेल कर सकते हैं, अमेरिका और कनाडा में इनका सीधा नंबर है 1-877-HBF-PATH (1-877-423-7284) या वेब के माध्यम से www.HBFPath.com, और / या
- ❑ बोर्ड के निदेशकों की लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष को लिख सकते हैं, c/o कॉर्पोरेट सचिव कार्यालय, पीओ बॉक्स 64683, सेंट पॉल, मिनेसोटा 55164-0683, USA.

आप कोई भी तरीका अपनाएं:

- ❑ गोपनीयता का उचित स्तर प्रक्रिया के हर स्तर पर बनाए रखा जाएगा.
- ❑ यदि आप चाहेंगे तो आपकी चिंताओं को गुमनाम रूप से नियंत्रित किया जा सकता है.
- ❑ संदिग्ध या ज्ञात उल्लंघनों को या चिंताओं को सहज भाव से अभिव्यक्त करने पर कोई भी प्रतिशोध नहीं होगा.

* कृपया www.HBFPath.com पर जाएं अमेरिका और कनाडा के बाहर टेलीफोन से जानकारी के लिए मानव संसाधन से संपर्क करें.

## सही रास्ते का चयन करना: नैतिक निर्णय लेने के लिए एक त्वरित परीक्षण

कभी कभी सही निर्णय मुश्किल होता है. संदेहास्पद परिस्थितियों में सही चयन करने के लिए निम्नलिखित सवाल आपकी मदद कर सकते हैं.

क्या यह कार्यवाही कानूनी तौर पर सही है? यदि ऐसा है तो ...
क्या यह कार्यवाही इस क्षेत्र में वैध रिवाज या प्रथा के रूप में स्वीकार की जाती है? यदि ऐसा है तो ...
क्या यह कंपनी की नीति का पालन करती है? यदि ऐसा है तो ...
अपने परिवार को या शाम की खबर पर क्या आप अपने फैसले को सही ठहरा सकते हैं: यदि ऐसा है तो ...
क्या यह कार्यवाही एक नैतिक कंपनी के रूप में एचबी फुलर की प्रतिष्ठा की रक्षा करेगी?
यदि इन सवालों में से किसी एक का आप "नहीं" में जवाब देते हैं, तो आपको और मार्गदर्शन लेना चाहिए. यदि आपको कोई संशय है तो अपने अधिवीक्षक, मानव संसाधन विभाग, या कानून विभाग से बात करें.

## एचबी फुलर के व्यापारिक रिश्ते. . .
## ग्राहकों के साथ

*हमारे ग्राहकों के बिना, एचबी फुलर कंपनी का अस्तित्व नहीं हो सकता है. हमारे ग्राहक हमारे उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता के लिए हम पर भरोसा करते हैं; यह हमारी जिम्मेदारी है की हम उनकी जरूरतों को संतुष्ट करने के लिए खुद को समर्पित करें.*

### सही प्रतिस्पर्धा

हम हमेशा अपने उत्पादों को उनके "गुणों" (जैसे, कीमत, गुणवत्ता और सेवा) पर आधारित करके ईमानदारी और सही तरीके से विपणन करते हैं. किसी भी उत्पाद को इस तरह से विपणन या प्रस्तुत नहीं किया जाना चाहिए जिससे उसके स्रोत, सामग्री या प्रदर्शन के विषय में भ्रम की स्थिति पैदा हो जाये. प्रतिस्पर्धी के उत्पादों या उनके कर्मचारियों के बारे में झूठी या उपेक्षित करने वाले टिप्पणियों को करने से बचें. जब उत्पादों की तुलना, विज्ञापन या विपणन में शामिल हों तो यह सुनिश्चित करें की सभी दावें सही हैं और यथोचित दस्तावेजों के द्वारा समर्थित किये जा सकते हैं.

यदि आप मानते हैं कि कोई प्रतिस्पर्धी अपने उत्पादों के बारे में संभावित ग्राहकों को भ्रमित कर रहा है, तो आपको एचबी फुलर कंपनी के प्रबंधन या कानून विभाग से संपर्क करना चाहिए.

*[सन्दर्भ: सही प्रतिस्पर्धा और प्रतिस्पर्धी सूचना नीति]*

## एचबी फुलर के व्यापारिक रिश्ते. . .
## प्रतिस्पर्धियों के साथ

हमारे लिए यह उचित है की जिस बाजार में हम व्यापार करते हैं उसके बारे में जानकारी इकट्ठा करें, जैसे हमारे प्रतिस्पर्धी, उनके उत्पाद या सेवाएँ. इस जानकारी को एकत्र करने में, हम लागू होने वाले कानूनों का पालन करेंगे. लेकिन, हमारे प्रतिस्पर्धियों के साथ अनुचित समझौते और सहमतियों को दर्शाने से बचने के लिए, हमें उनसे सीधे जानकारी मांगनी या लेनी नहीं चाहिए.

हम अपने प्रतिस्पर्धियों के बारे में जानकारी अन्य स्रोतों से, जैसे प्रकाशित लेख, विज्ञापन, सार्वजनिक रूप से वितरित ब्रोशर, सलाहकारों द्वारा सर्वेक्षण, अन्य गैर मालिकाना सामग्री, और ग्राहकों व आपूर्तिकर्ताओं के साथ बातचीत के द्वारा, इकट्ठा करते हैं.

इस जानकारी को एकत्र करने में निम्नलिखित सिद्धांत लागू होते हैं:

• हम प्रतिस्पर्धी की जानकारी केवल तब स्वीकार करेंगे जब उचित विश्वास होगा कि जानकारी की प्राप्ति और उसका उपयोग वैध है.
• जो जानकारी इकट्ठी या इस्तेमाल की गयी है वह हमारे प्रतिस्पर्धी के लिए गोपनीय या मालिकाना नहीं होनी चाहिए.
• हम इस जानकारी को इकट्ठा करने की कोशिश में अपनी पहचान नहीं झुठलाएंगे, और न ही हमारे लिए जानकारी एकत्र करने में हमारे एजेंट खुद को झुठलाएंगे.

प्रतिस्पर्धी की जानकारी के इस्तेमाल के बारे में कोई भी प्रश्न कानून विभाग को निर्देशित किया जाना चाहिए.

**प्र.** *प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति में, मुझे विभिन्न उपलब्ध उत्पादों के किस चीज पर जोर डालना चाहिए और क्या प्रदर्शित करना चाहिए?*

**उ.** ग्राहकों को हमारे द्वारा विक्रय किए जा रहे उत्पादों के बारे में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण है. हम अपने उत्पाद उनकी उत्कृष्टताओं के आधार पर विक्रय करते हैं. प्रतिस्पर्द्धी या उनके उत्पाद के बारे में कोई उपेक्षित करने वाली टिप्पणी न करें. जानकारी को स्वयं अपने बारे में बोलने दीजिये.

**प्र.** *हमने पिछले कुछ वर्षों में बहुत से ऐसे विक्रय और प्रयोगशाला के पेशेवरों को अपने यहाँ नियुक्त किया है, जो अभी एक साल पहले से लेकर एक दशक दूर तक हमारे प्रतिस्पर्धियों के यहां कार्य करते थे. कई प्रयोगशाला और विक्रय बैठकों के दौरान, प्रतिस्पर्धियों की क्षमताओं पर चर्चा होती है. इन क्षमताओं पर हमारे कर्मचारी किस हद तक सामान्य रूप से टिप्पणी कर सकते हैं?*

**उ.** मुख्य मुद्दा यह है कि क्या एचबी फुलर का कोई कर्मचारी अपने पूर्व नियोक्ता की ऐसी जानकारी जो वह जानता है कि गोपनीय है, बताने के लिए अपने आप को बाध्य महसूस करता है. हाल में ही नियुक्त किया गया कर्मचारी हमारे यहाँ अपना महत्व सिद्ध करने के लिए गोपनीयता का उल्लंघन करने के लिए प्रेरित हो सकता है. यह प्रबंधक का नैतिक उत्तरदायित्व है कि ऐसी स्थिति में अनुचित दबाव न बनाएँ और सावधानी से उस कर्मचारी को सचेत करें कि वह अपने पूर्व नियोक्ता के यहाँ अर्जित विश्वास को नतोड़े.

**प्र.** *हमें एक प्रतिस्पर्धात्मक गुप्त समाचार के व्यवसाय की कंपनी का पता चला है जो हमारे ही उद्योग में विशिष्टता रखती है. हम चाहते हैं कि इस कंपनी से कार्य करवाएं. परन्तु हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि न केवल एचबी फुलर के हित यथेष्ट रूप से सुरक्षित रहें, बल्कि हमारा आचार भी नैतिक और विधिक हो. ऐसी स्थिति में दोनों नैतिक और विधिक मामलों पर ध्यान सुनिश्चित करने के लिए हमें क्या करना चाहिए?*

**उ.** कंपनियों द्वारा व्यापारिक अनुसंधान करना एक प्रचलित व्यापारिक परंपरा है, यह चाहे स्वयं किया जाए या विक्रय अनुसंधान में विशिष्टता प्राप्त कंपनियों के माध्यम से. लेकिन पहले यह सुनिश्चित करें की यह प्रतिष्ठित फर्म है और हमारे व्यापारिक आचार संहिता को समझती एवं उसका अनुपालन करना स्वीकार करती है. तत्पश्चात अनुबंध पत्र की समीक्षा या मानक सलाहकार अनुबंध पत्र के लिए कानून विभाग से बात करें.

## एचबी फुलर के व्यापारिक रिश्ते. . .
## कर्मचारियों के साथ

*हर कर्मचारी नेक और सम्मानजनक व्यव्हार प्राप्त करने की उम्मीद रखता है.हर व्यक्ति की गरिमा और हर कर्मचारी की गोपनीयता को बगैर बनाए रखे कंपनी लगातार सफल नहीं हो सकती है. कंपनी सकारात्मक व्यवसायिक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है - यह सभी कर्मचारियों की उम्मीद और अधिकार है.*

### सही व्यवहार और समान रोजगार (के अवसर)

एचबी फुलर उत्पीड़न और अनुचित भेदभाव से मुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है. प्रजाति, रंग, लिंग, धर्म, उम्र, वैवाहिक स्थिति, यौन अभिविन्यास, विकलांगता, राष्ट्रीय मूल, या पुराने सिपाही होने की स्थिति पर आधारित भेदभाव, कानून द्वारा और साथ ही कंपनी की नीति में कड़ाई से निषिद्ध है. हम किसी भी रूप में उत्पीड़न - मौखिक, शारीरिक, लिखित या अन्यथा - जिससे डराने-धमकाने वाला, आक्रामक या शत्रुतापूर्ण कार्य वातावरण पैदा हो सकता हो, को बर्दाश्त नहीं करेंगे. अंत में, लागु होने वाले सभी राजकीय और संघीय कानूनों के साथ संगत हमारी नीति, आवेदकों और नियोक्ताओं के लिए समान रोजगार के अवसर प्रदान करने की है.

*[सन्दर्भ मूल नीतिः सही व्यव्हार, एचबी फुलर भेदभाव और उत्पीड़न नीति]*

### नशा और शराब

हमारी नीति शराब मुक्त और नशा मुक्त कार्यस्थल बनाए रखने की है. प्रबंधन के अनुमोदन के साथ कंपनी समारोहों पर थोड़ी शराब पीने को छोड़कर, काम के समय के दौरान, चिकित्सकीय निर्धारित दवाओं के अलावा, कर्मचारी शराब या नशीले पदार्थों का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं. अवैध नशीले पदार्थों का इस्तेमाल सख्त वर्जित है. आप कोई नियंत्रित दवा ले रहें हैं जिससे आप सुरक्षित तरीके से अपना कार्य नहीं कर सकते हैं, तो अपने अधिवीक्षक को अवश्य सूचित करें.

*[सन्दर्भ मूल नीतिः नशा और शराब, एचबी फुलर नशा और शराब नीति]*

**प्र.** *मेरे प्रबंधक ने मुझे कई बार काम के बाद सामाजिक रूप से मिलने को कहा है. मैं मना करता जा रहा हूँ, पर निमंत्रण निरंतर आ रहे हैं. मुझे क्या करना चाहिए?*

**उ.** इन अनचाहे निमंत्रणों को अस्वीकार करके आपने उपयुक्त कार्यवाही करी है. अब आप तुरंत अपने विभागीय प्रबंधक या मानव संसाधन से संपर्क करें.

**प्र.** *मैंने अपने अधिवीक्षक से मेरे ऊपर उनके ऑफिस में और अन्य सह-कर्मियों के सामने चीखने चिल्लाने के बारे में कई बार बात करी है. मैं ऐसा अकेला व्यक्ति नहीं हूँ जो अपमानित महसूस करता है. मुझे क्या करना चाहिए?*

**उ.** किसी भी कर्मचारी को भयभीत करने वाले वातावरण में कार्य करने के लिए बाध्य नहीं किया जाना चाहिए. आप तुरंत अपने विभाग के प्रबंधक या मानव संसाधन से संपर्क करें.

**प्र.** *क्या मैं अपनी शिफ्ट से पहले शराब का एक पेय ले सकता हूँ? -- मैं कंपनी की संपति पर नहीं हूँ...*

**उ.** नहीं. कार्य के समय शराब और नशीले पदार्थ से आपका मुक्त होना अपेक्षित है (चिकित्सक द्वारा निर्धारित औषधियों के अलावा)

## एचबी फुलर के व्यापारिक रिश्ते ...
## ...शेयरधारकों के साथ

*कंपनी अपने शेयरधारकों और वित्तीय समुदाय के लिए निधि बनाने के लिए प्रतिबद्ध है.हमारे शेयरधारकों ने हमारी कंपनी में निवेश करके इसमें अपने विश्वास को दर्शाया है, और उनकी तरफ हमारी यह जिम्मेदारी है की हम हमारी परिसंपति को बढाएं और सुरक्षित रखें.*

### गोपनीय जानकारी

कंपनी की गोपनीय जानकारी (दूसरों की गोपनीय जानकारी जिसे कंपनी सुरक्षित रखने के लिए बाध्य है सहित) कानून विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए उपयुक्त गोपनीय प्रकटीकरण समझौतों के अनुसार ही किसी ऐसे व्यक्ति को जो कंपनी का कर्मचारी नहीं है, दी जाने की अनुमति है. गोपनीय जानकारी की चर्चा कंपनी के अन्य कर्मचारियों के साथ जानने की जरुरत के ही आधार पर की जानी चाहिए. गोपनीय जानकारी केवल कंपनी के लाभ के लिए ही इस्तेमाल की जानी चाहिए और ठीक से अंकित की जानी चाहिए. आपको ऐसा प्रयास करना चाहिए की ऐसा महसूस भी न हो की आपने गोपनीय जानकारी अपने स्वयं के लाभ के लिए इस्तेमाल की है.

पूर्व नियोक्ता से मिली किसी भी जानकारी को, जिसे आमतौर पर गोपनीय माना जा सकता है, कंपनी के काम में आप न तो प्रकट करेंगे या इस्तेमाल करेंगे.

*[सन्दर्भ मूल नीति: गोपनीय जानकारी, गोपनीय जानकारी को अंकित करने की नीति]*

### पूर्ण और परिशुद्ध व्यापारिक दस्तावेज और सूचनाएं

आपको कंपनी के दस्तावेजों या खातों पर झूठी या कृत्रिम जानकारी का प्रवेश, कंपनी के पैसे का कोई गुप्त या अलिखित कोष स्थापित करना, या कंपनी की किसी भी परिसंपत्ति का गुप्त उपयोग, कभी भी नहीं करना चाहिए.

*[सन्दर्भ मूल नीति: पूर्ण और परिशुद्ध व्यापारिक दस्तावेज और सूचनाएं]*

### कंपनी की परीसंपत्ति का संरक्षण

कंपनी की परीसंपत्ति की नुकसान, क्षति और चोरी से रक्षा हर कर्मचारी की जिम्मेदारी है. आपूर्तियाँ, उपकरण, सामग्री, माल, प्रौद्योगिकी और गोपनीय जानकारी कंपनी की परीसंपत्ति में शामिल हैं. यह परिसंपत्तियां कंपनी की हैं और इन्हें केवल कंपनी के उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए. उपयुक्त प्राधिकरण के बिना आप परीसंपत्ति का इस्तेमाल, दे देना, बेचना, या व्यापार करना नहीं कर सकते हैं.

*[मूल नीति: कंपनी की परीसंपत्ति की सुरक्षा/ कंपनी की परीसंपत्ति का अनुचित इस्तेमाल]*

**प्र.** *मुझे कैसे पता चलेगा कि कंपनी जानकारी गोपनीय है?*

**उ.** आप यह मानें कि जो भी जानकारी प्रबंधन ने सार्वजनिक वितरण के लिए नहीं दी है, वह गोपनीय है. गोपनीय जानकारी में तकनीकी, वित्तीय और विपणन आंकड़े शामिल हैं. जो जानकारी बिना किसी प्रतिबन्ध के सार्वजनिक रूप से वितरित करी जाती है वह गोपनीय नहीं होती है.

**प्र.** *कंपनी अपनी गोपनीय जानकारी को बाहर जाने से कैसे रोकती है?*

**उ.** प्रत्येक कर्मचारी से यह अपेक्षा करी जाती है कि वह गोपनीयता अनुबंध पर हस्ताक्षर करें एवं गोपनीय जानकारी केवल उन्ही कर्मचारियों को दें जिन्हें यह जानकारी जानने की आवश्यकता है. हमारी गोपनीय जानकारी लेबलिंग नीति के अनुसार गोपनीय जानकारी चिन्हित करी जानी चाहिए. बाहर वालों से टेलीफ़ोन पर बात करते हुए और उन्हें इ मेल सन्देश भेजते समय विशेष सावधानी बरतें.

**प्र.** *एचबी फुलर को छोड़ने के बाद, क्या मैं कंपनी की गोपनीय जानकारी अपने नए नियोक्ता या औरों के साथ बाँट सकता हूँ?*

**उ.** नहीं, एचबी फुलर के व्यावसायिक रहस्य और अन्य गोपनीय जानकारी को संरक्षित रखने का आपका दायित्व कंपनी की नौकरी छोड़ने के साथ समाप्त नहीं हो जाता है. कंपनी द्वारा गोपनीयता के उल्लंघन अत्यधिक गंभीरता से लिए जाते हैं और गोपनीय जानकारी को संरक्षित रखने के लिए कंपनी कानूनी कार्यवाही करेगी चाहे कोई उल्लंघन किसी कर्मचारी के नौकरी छोड़ने के वर्षों बाद किया गया हो.

**प्र.** *मैं लेखा जोखा विभाग, कोषागार, आर्थिक प्रबन्ध या प्रयोगशाला में कार्य नहीं करता हूँ. परिशुद्ध दस्तावेज नीति मुझे कैसे प्रभावित करती है?*

**उ.** इन विभागों में कार्यरत नहीं होते हुए भी व्यय रिपोर्टें और पत्र-व्यवहार जैसी सूचनाएं/जानकारियाँ जिन पर आप कार्य

करते हैं वे सभी कंपनी के दस्तावेज बन जाते हैं. यहाँ तक कि किसी पत्राचार में उत्पाद की सुरक्षा के बारे में गलत अभिवेदन और अशुद्ध विवरण के फलस्वरूप किसी ग्राहक को हानि हो सकती है.

**प्र.** *हमारे विभाग में एक अतिरिक्त कंप्यूटर है. क्या मैं इस का इस्तेमाल अपने व्यक्तिगत प्रकल्प के लिए कर सकता हूँ?*

**उ.** कंप्यूटर कंपनी की संपत्ति है और इस का इस्तेमाल केवल कंपनी के व्यवसाय के लिए ही होना चाहिए जब तक कि आप ने अपने अधिवीक्षक से कंप्यूटर को अपने घर पर व्यक्तिगत प्रकल्प के लिए इस्तेमाल करने की अनुमति ना ले ली हो. यदि कंप्यूटर को व्यक्तिगत इस्तेमाल करने की आपको अनुमति मिल जाती है, तो कंप्यूटर पर कोई भी गृहीत या नक़ल किया हुआ सॉफ्टवेयर इन्स्टॉल न करना याद रखें.

## एचबी फुलर के व्यापारिक रिश्ते ...
## समुदाय के साथ

*हमें स्वस्थ, उत्पादक समुदायों की जरूरत है जिससे हमारा विकास बना रहे; उन्हें जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिकों की जरूरत है जिससे प्रगति बढे और समृद्धि प्राप्त हो.*

### सामुदायिक मामले

जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, हमारे कर्मचारी सामाजिक रूप से जिम्मेदार आचरण के लिए प्रतिबद्ध हैं.

हमारे सामुदायिक मामलों का विभाग और सामुदायिक मामलों के परिषद के सदस्य दुनिया भर में सक्रिय हैं. एचबी फुलर फाउंडेशन के माध्यम से समुदाय के लिए मौद्रिक योगदान के अलावा, कर्मचारियों को समुदाय की जरूरतों को पूरा करने के लिए काम कर रहे संगठनों के साथ अपनी प्रतिभा बांटने के लिए कंपनी प्रोत्साहित करती है. उदाहरण के लिए, एचबीऍफ़ एंगेज कार्यक्रम पर्यवेक्षकों को अनुमति देती है की वे स्वयं सेवा के लिए कर्मचारियों को काम से छुट्टी दें.

### पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा सम्बंधित चिंताएं

हम पर्यावरण का सम्मान करते हैं और जल, जमीन और हवा को सुरक्षित रखने का प्रयास करते हैं.आपको हमारे इन प्रयासों में हाथ बटाना चाहिए, और लागू होने वाले पर्यावरणीय, स्वास्थ्य और सुरक्षा सम्बन्धी कानूनों, और रिपोर्टिंग आवश्यकताओं के बारे में पता होना चाहिए. ऐसी कोई गतिविधि न करें जिसे आप असुरक्षित मानते हों. इसके बजाय, आप इसे तुरंत अपने अधिवीक्षक के ध्यान में लाइए. सभी प्रबंधकों और पर्यवेक्षकों की उनके क्षेत्रों में नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है.

*[सन्दर्भ मूल नीति: पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा सम्बन्धी कानून और विनियम]*

**प्र.** *मैंने एचबी फुलर एंगेज कार्यक्रम के अंतर्गत अपने पुत्र के विद्यालय में स्वयं सेवा की प्रार्थना करी थी जो मेरे अधिवीक्षक ने अस्वीकार कर दी. मैं तो सोचता था कि कंपनी स्वैच्छिक सेवाएँ समर्पित करने को प्रोत्साहित करती है.*

**उ.** यदि आप अपने अधिवीक्षक को पर्याप्त अग्रिम सूचना और अपनी स्वैच्छिक सेवा की विस्तृत जानकारी दें ताकि अधिवीक्षक कार्यक्रम के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्णय कर सके, तो आपके अधिवीक्षक आपकी प्रार्थना को समायोजित करने का पूरा प्रयत्न करेंगे. कंपनी सभी कर्मचारियों द्वारा स्वैच्छिक सेवा गतिविधियों को प्रोत्साहित करती है परन्तु अंतिम निर्णय आपके अधिवीक्षक का होगा. आपके अधिवीक्षक को आपकी स्वयं सेवा की प्रार्थना और आपके कार्य आवश्यकताओं के बीच सामंजस्य बैठाना है.

**प्र.** *यदि मेरे से एक द्राववक (साल्वन्ट) जिस पर 'खतरनाक' लेबल लगा हुआ है, की थोड़ी सी मात्रा गिर जाती है, तो मैं इस की सफाई क्यों नहीं कर सकता?*

**उ.** यदि आप खतरनाक कूड़ा हटाने में प्रशिक्षित नहीं हैं तो अपने पर्यावरण संयोजक को रिपोर्ट करें. संयोजक खतरनाक रसायनिक गिरावट को उचित तरीके से संभालने और क़ानून द्वारा अपेक्षित उपयुक्त नियंत्रक अधिकारी को रिपोर्ट करने के लिए प्रशिक्षित है.

**प्र.** *मैं एक ऑफिस भवन में काम करता हूँ. सुरक्षा हेतु मेरे क्या दायित्व हैं?*

**उ.** जहां हम काम करते हैं, वहाँ की सुरक्षा और असुरक्षित परिस्थितियों से बचाव हम सभी का उत्तरदायित्व है, इसमें सुरक्षित कार्यस्थल बनाए रखना भी सम्मिलित है. चाहे आप विनिर्माण में कार्यरत नहीं हैं, फिर भी आपको अपने भवन की सुरक्षा कार्यप्रणाली और आग लगने या भयंकर मौसम की आपात स्थिति में कहां जाना है इसकी जानकारी होनी चाहिए और आपको आपात ड्रिल्स या अभ्यासों में भाग लेने की आवश्यकता है. आपातकालीन निकास, प्राथमिक चिकित्सा पेटी और अग्नि शामक यन्त्र का पता लगाना और उनका इस्तेमाल करना आपके और आपके सहकर्मियों की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकते हैं.

# एचबी फुलर की व्यापर नीतियाँ

## उपहार और मनोरंजन

प्रबंधन की उपयुक्त समीक्षा और सहमति के बिना, आप किसी भी व्यवसायिक, सरकारी कर्मचारी या राजनीतिक दल से किसी भी/ कोई भी उपहार या मनोरंजन (नाममात्र और प्रथागत उपहार और मनोरंजन को छोड़कर) न तो स्वीकार करेंगे न ही देंगे या देने की प्रस्तुति करेंगें. किसी भी परिस्थिति में नकदी के रूप में तोहफे प्रस्तुत, स्वीकार, या देने नहीं चाहिए.
चाहे आप प्रत्यक्ष रूप से, या दूसरों की मदद से (जैसे, आपूर्तिकर्ताओं, सलाहकारों, व्यापार संगठनों, अन्य कर्मचारियों) ऐसा कर रहें हैं, तब भी यह रोक लागू है. विशेष रूप से यह रोक तब लागू हैं, जब उपहार या मनोरंजन:

- अनुचित कार्य या कर्तव्य का उल्लंघन, या
- किसी भी राजनीतिक या सरकारी कर्मचारी को अपनी जिम्मेदारी के निर्वहन में प्रभावित, करते या करने का इरादा रखते हैं.

*[संदर्भ/ उल्लेख: मूल नीति: उपहार और मनोरंजन; और भ्रष्ट आचरण/ तरीके]*

## कोंफ्लिक्त ऑफ इंट्रस्ट/ हितों में द्वंद्व

कोई भी ऐसा व्यक्तिगत आचरण न करें जिससे कंपनी या उसके ग्राहकों के हितों के साथ द्वंद्व उत्पन्न हो। . निम्न कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिनके कारण द्वंद्व उत्पन्न हो सकते हैं: उपहार और मनोरंजन, निजी निवेश या बाहरी रोजगार, विशेषकर उन कंपनियों के सन्दर्भ में जो आपकी कंपनी को मॉल बेचती या खरीदती है, या प्रतिस्पर्धा में हैं. अगर परिवार का सदस्य या व्यक्तिगत सम्बन्धी, किसी दूसरे की कंपनी में नौकरी या पद के कारण, बिना कमाए लाभ प्राप्त करते हैं, तब यह हितों में द्वंद्व पैदा करता है.

आपके प्रयास ऐसे होने चाहिए की द्वंद्व महसूस भी न हो, नज़र भी न आये; कर्मचारियों, ग्राहकों और संभावित ग्राहकों के बीच विश्वास को बनाए रखने के लिए यह महत्वपूर्ण है. यह आपकी जिम्मेदारी है कि इस तरह से देखी जा सकने वाली किसी भी गतिविधि में शामिल होने से पहले ही आप अपने अधिवीक्षक या प्रबंधन के साथ पहले से सलाह कर लें.

*[संदर्भ/ उल्लेख: मूल नीति: कोंफ्लिक्त ऑफ इंट्रस्त/ हितों में द्वंद्व ]*

## कॉर्पोरेट अवसर

सभी कर्मचारी और निर्देशक निम्न से प्रतिबाधित/प्रतिबंधित हैं:

- कंपनी की संपत्ति, जानकारी या पोजीशन/स्थिति के उपयोग/ इस्तेमाल के माध्यम से खोजे हुए अवसर को स्वयं के लिए रखना;
- व्यक्तिगत लाभ के लिए कंपनी की संपत्ति, जानकारी या पोजीशन/स्थिति के उपयोग/ का इस्तेमाल करना
- कंपनी के साथ प्रतिस्पर्धा

जब भी ऐसा कोई अवसर मिले तो कर्मचारियों और निर्देशकों को कंपनी के वैध हितों को आगे बढ़ाना चाहिए.

**प्र.** *सांकेतिक एवं आचारिक उपहार में क्या अंतर है?*

**उ.** परिभाषा से ही सांकेतिक का अर्थ है नगण्य मूल्य की कोई वस्तु. आमतौर पर सांकेतिक उपहार ऐसी चीज़ें होती हैं जैसे प्रीमियमस - टोकन वस्तुएँ जैसे टी-शर्ट, टोपी (कैप) या आपके डेस्क के लिए उपसाधन, जिन पर कंपनी का प्रतीक चिन्ह छपा हुआ है. भोजन और पेय पदार्थ भी स्वीकार हैं. यदि आपको किसी उपहार के बारे में संशय है तो कृपया अपने प्रबंधक से पूछें.

**प्र.** *मेरा विदेशों में काफी आना जाना लगा रहता है. कुछ देशों में उपहार भेंट करना आचारिक है. क्या यह हमारी नीतियों के विरुद्ध है ?*

**उ.** नहीं. उपहार जो नकद नहीं हैं, स्वीकृत है यदि ऐसा उन देशों में आचारिक और वैध है. हमारी नीति के अनुसार सांकेतिक उपहार स्वीकार्य हैं-अति मंहगे उपहारों का तो प्रश्न ही नहीं है. यदि आप उपहार देने की सोच रहें हैं तो उपहार की आख्या आवश्यक है और व्यय विवरणी भरनी है. इसी प्रकार आपके या आपके परिवार को भेंट किए गए उपहार की आख्या अधिवीक्षक को अवश्य भेजें.

**प्र.** *मेरे जीजा/साले/बहनोई/देवर हमारी एक प्रतिस्पर्धी कंपनी में कार्यरत हैं. हमारे आपसी संबंधों के बारे में क्या दिशा-निर्देश हैं ?*

**उ.** पारिवारिक (या अन्य व्यक्तिगत) सम्बन्धियों के प्रतिस्पर्धी या आपूर्तिकर्ता कंपनियों में कार्य करने में कुछ गलत नहीं है. परन्तु आपको हितों के विरोधाभास के बारे में

सचेत/जागरूक रहना चाहिए और ऐसा कोई भी मुद्दा अपने अधिवीक्षक या प्रबंधन के संज्ञान में लाना चाहिए.

**प्र.** *मेरा सम्बन्धी एचबी फुलर को अनिर्मित सामग्री बेचता है. क्या इस सम्बन्ध में कोई हितों का विरोधाभास है?*

**उ.** यदि आपके सम्बन्धी से भविष्य में खरीदी जाने वाली वस्तुओं को आप प्रभावित कर सकते हैं तो इस विरोधाभास के बारे में अपने अधिवीक्षक से संपर्क करें. चाहे आप के सम्बन्धी की दरें कंपनी को लाभदायक हों, तब भी हितों के विरोधाभास की नीति की अपेक्षा है कि आप ऐसी स्थितियों से बचें जो कंपनी के सर्वोत्तम हितों के विरुद्ध लगती हो.

## कंपनी की सिक्युरिटीज में ट्रेडिंग

**इंसाइडर ट्रेडिंग**

जब महत्वपूर्ण गैर सार्वजनिक सूचना आपके पास है तब, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, कंपनी के शेयर खरीदना या बिक्री करना, या दूसरों को कंपनी के शेयर खरीदने या बेचने के लिए कहना, खबर देना या प्रोत्साहित करना निषेध है. इसके अलावा, ऐसी किसी भी महत्वपूर्ण गैर सार्वजनिक सूचना को/की, आप एचबी फुलर के बाहर किसी भी/ किन्हीं लोगों के साथ, अपने परिवार के सदस्यों, दोस्तों और सहयोगियों सहित, चर्चा नहीं कर सकते हैं.

यह मनाही अन्य कंपनियों के शेयर पर भी लागू है. यदि कंपनी में अपने काम के माध्यम से आप आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों, प्रतियोगियों, या दूसरों के बारे में कोई महत्वपूर्ण गैर सार्वजनिक सूचना प्राप्त करते हैं, जब तक वह सूचना सार्वजनिक नहीं हो जाती है तब तक ऐसी कंपनियों के शेयर खरीदना या बेचना निषेध है. जब तक ऐसी महत्वपूर्ण गैर सार्वजनिक सूचना आपके पास है, दूसरों को ऐसी कंपनियों के शेयर खरीदने या बेचने के लिए खबर देना या प्रोत्साहित करना निषेध है.

**ट्रेडिंग विंडोस**

कार्यकारी अधिकारियों, निर्देशकों और जनरल काउंसेल द्वारा नामित कर्मचारियों, (और उनके संबंधित तत्काल परिवार के सदस्यों) को निर्दिष्ट ओपन ट्रेडिंग विंडोस की अवधि के अलावा कंपनी के शेयर खरीदना या बेचना निषेध है. इन लोगों को एच. बी. फुलर के शेयर में किसी भी लेन - देन के पूर्व जनरल काउंसेल को सूचित करना चाहिए.

*[संदर्भ/ उल्लेख: मूल नीति: कंपनी सिक्युरिटीज में ट्रेडिंग]*

## कॉपीराइटस और सॉफ्टवेयर

लागु होने वाले कॉपीराइट लाइसेंस सम्बंधित कानूनों का पूरा अनुपालन कंपनी नीति है. स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क/ लोकल एरिया नेटवर्क या कई मशीनों पर सॉफ्टवेयर का उपयोग करने के संबंध में, आपको केवल लाइसेंस समझौते के अनुसार सॉफ्टवेयर का उपयोग करना चाहिए. सॉफ्टवेयर के दुरुपयोग या इससे संबंधित कोई भी जानकारी, आपके विभागीय प्रबंधक को अवश्य सूचित कि जानी चाहिए.

*[संदर्भ/ उल्लेख: मूल नीति: सॉफ्टवेयर संरक्षण / कॉपीराइट उल्लंघन]*

**प्र.** *मैंने सुना है कि कंपनी ने एक नया उत्पाद विकसित किया है जो कंपनी के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है और मैं कंपनी की इस बारे में सार्वजानिक घोषणा के बारे में निश्चित नहीं हूँ. क्या मैं अपने सम्बन्धी को, बिना कारण बताए कंपनी की पूंजी में निवेश करने की सलाह दे सकता हूँ?*

**उ.** आपको पता करना चाहिए की क्या सार्वजानिक घोषणा कर दी गई है. आप यह निवेशक सम्बन्धी विभाग या कानून विभाग से पता कर सकते हैं. यदि सार्वजानिक घोषणा नहीं हुई है तो आप **किसी को भी** कंपनी में निवेश करने के लिए सार्वजानिक घोषणा होने तक प्रोत्साहित नहीं कर सकते हैं. यदि आप निश्चित नहीं हैं तब भी आप किसी को निवेश के लिए प्रोत्साहित नहीं कर सकते हैं. यदि सार्वजानिक घोषणा कर दी गई है और आपके पास और कोई ऐसी महत्वपूर्ण गैर सार्वजानिक सूचना नहीं है तो आप अपने सम्बन्धी से बात कर सकते हैं.

**प्र.** वर्ड प्रोसेसिंग प्रोग्राम्स को कॉपी करके अपने दफ्तर के पीसी पर इन्स्टॉल करना क्या कुछ गलत है?

**उ.** आपके पीसी पर केवल कंपनी अनुमोदित प्रोग्राम ही इन्स्टॉल किए जाने चाहिए. अधिकाँश सॉफ्टवेयर प्रोग्राम कॉपीराइट सुरक्षित होते हैं और इन्हें कॉपी करना निषेध होता है. सॉफ्टवेयर इन्स्टॉल करने से पहले आपको अपने अधिवीक्षक या अपने पीसी प्रशासक से मिल कर विचार करना चाहिए कि क्या इस सॉफ्टवेयर को कॉपी करना उचित है या नहीं.

# एचबी फुलर का कानूनी और विनियामक अनुपालन

*हमारी नीति है की दुनिया भर में हमारे कार्यों पर लागू सभी कानूनों की लिपि और मूल भावना का पालन करें और उच्चतम नैतिक और कानूनी मानकों के द्वारा हमारे मामलों का आचरण हो.*

## स्पर्धारोधी (एंटीट्रस्ट) कानून

स्पर्धारोधी कानूनों का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है. वे जटिल हैं, और उल्लंघन का परिणाम आपके व साथ ही साथ कंपनी के लिए नुकसान के एवज में बड़ा मुआवजा, ज्यादा/ बहुत अधिक दंड और आपराधिक मुकदमें हो सकते हैं. स्पर्धारोधी कानून व्यापार उद्यमों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. हम स्पर्धारोधी कानूनों का पूरा अनुपालन करते हैं.

अमेरिका के संघीय और राजकीय स्पर्धारोधी कानून, साथ ही अमेरिका के बाहर के देशों में समान तरह के प्रतिस्पर्धा कानून, (जैसे यूरोपीय आयोग द्वारा लागू), आम तौर पर ऐसे किसी तरह के समझौते या सहमती (औपचारिक या अनौपचारिक) को निषेध करते हैं, जो साजिश के तहत निम्न को सीमित या नियंत्रित करते हों:

- दलों के बीच प्रतिस्पर्धा (ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं या अमेरिका और विदेशी राष्ट्रों के बीच),
- कीमतें,
- बिक्री के नियम या शर्तें,
- उत्पादन,
- वितरण, या
- क्षेत्र का आवंटन. क्षेत्रीय

एंटीट्रस्ट कानूनों के अनुपालन के बारे में जब भी संदेह हो, आपको विधि विभाग की सलाह लेनी चाहिए.

*[संदर्भ/ उल्लेख: मूल नीति: एंटीट्रस्ट]*

**प्र.** अपने ग्राहकों को दरें बढाने की घोषणा के बाद मुझे एक प्रतिस्पर्धी का फोन दरों में बढोत्तरी की पुष्टि करने के लिए आता है, मुझे क्या करना चाहिए?

**उ.** प्रतिस्पर्धी से कहें की दरों पर चर्चा करना हमारी कंपनी की नीति के विरुद्ध है. आप बढोत्तरी के बारें में हाँ या नहीं, कुछ नहीं कहें और ना ही बढोत्तरी की चर्चा करें. वार्तालाप का वर्णन बना कर उसकी प्रति कानून विभाग को भेजें.

**प्र.** क्या मैं हमारे एक वितरक द्वारा किसी प्रतिस्पर्धी की दर सूची का उपयोग कर सकता हूँ?

**उ.** किसी ग्राहक से दर सूची प्राप्त करने में कुछ गलत नहीं है. बाजार में प्रतिस्पर्धी की जानकारी रखना अच्छी व्यापारिक आदत है. परन्तु यह भी एक अच्छा सिद्धांत है कि सूची पर वह तिथि लिखें जब आपको यह सूची प्राप्त हुई और कहाँ से प्राप्त हुई ताकि किसी संशय की संभावना नहीं रहे. यदि सूची सीधे किसी प्रतिस्पर्धी से प्राप्त हुई है तो इसे एक पत्र के साथ लौटा दें. पत्र में लिखें की प्रतिस्पर्धियों से दर सूची प्राप्त करना कंपनी की नीति के विरुद्ध है. कानून विभाग को इस पत्र की प्रति भेजें और सूची की प्रति अपने कागजों में नहीं रखें.

**प्र.** कंपनी के एक भूतपूर्व कर्मचारी, जो कई वर्षों पहले एक प्रतिस्पर्धी के लिए काम करने चले गए थे, से मुझे फोन आया है और उन्होंने एचबी फुलर के पुराने दिनों की बात करने के लिए मुझे भोजन पर बुलाया है. कौन से विषयों की चर्चा करने से मुझे बचना चाहिए?

**उ.** भूतपूर्व कर्मचारियों से मिलकर पुराने दिनों की याद करना निश्चित रूप से अच्छा है. परन्तु उत्पादों की दरों की चर्चा से बचें और किसी तरह की दरों या अन्य प्रतिस्पर्धात्मक गोपनीय सूचना का आदान प्रदान नहीं होना चाहिए.

## भ्रष्ट आचरण/ तरीके

आप और कंपनी के प्रतिनिधि, विदेशी सरकारी अधिकारियों, नेताओं या राजनीतिक दलों को कोई भी अनुचित उपहार या भुगतान नहीं कर सकते हैं. इसके अलावा, यह जानकारी होते हुए की अन्य पक्ष इस तरह का अनुचित भुगतान कर सकता है, आप तीसरे पक्ष को भी भुगतान नहीं कर सकते हैं.

कुछ देशों में, नियमित सरकारी कार्यों, जैसे, सीमा शुल्क विभाग से सामान को जल्दी निकालना, परमिट जारी करना, और पर्याप्त पुलिस सुरक्षा प्रदान करने को सुविधाजनक बनाने के लिए, भुगतान की मांग कर सकते हैं. इस तरह के भुगतान, जिन्हें कभी कभी "सुविधा शुल्क" के नाम से जाना जाता है, अब निषेध हैं.

इसी तरह, एच. बी. फुलर के उत्पाद को खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए विदेशी सरकारी अधिकारियों या कर्मचारियों को किये गए किसी भी भुगतान पर कड़ाई से निषेध है. इसके अलावा, किसी भी परिस्थिति में, अमेरिका के अंदर या बाहर, किसी भी अमेरिकी सरकारी या कर्मचारी को कोई सुविधा शुल्क नहीं दिया जाना चाहिए.

यु. एस. फोरेन करप्ट प्रेकटिसिस एक्ट/ अमेरिकी विदेश भ्रष्ट आचरण अधिनियम के अंतर्गत भी कंपनी को सही और पूर्ण वित्तीय खाते और अभिलेख को बनाए रखने की आवश्यकता है. कंपनी निम्न नहीं कर सकती: किसी भी अज्ञात या अलिखित धन या संपत्ति की स्थापना; कंपनी के खातों या अभिलेखों में कोई भी झूठी या कृत्रिम प्रविष्टियों को बनाना; या उचित विस्तार में खाते, अभिलेख, और हिसाब को रखने के लिए सही ढंग से पैसों का लेखा जोखा और अन्य परिसंपत्तियों को प्रतिबिंबित करने में विफल है. *[संदर्भ/ उल्लेख मूल नीतियाँ: भ्रष्ट आचरण/ तरीके, उपहार और मनोरंजन, पूर्ण और सही दस्तावेज और सूचनाएं]*

**प्र.** *मेरा कार्यस्थल अमेरिका से बाहर है. इस देश में "काम करवाने के लिए" सरकारी अधिकारियों को कुछ देना आचारिक है.*

**उ.** नियमित प्रशासनिक कार्यों का निष्पादन निश्चित करने के लिए, सरकारी अधिकारियों को कुछ देना आचारिक व्यावसायिक प्रणाली होने का अर्थ यह नहीं है की यह कानूनी है या कंपनी द्वारा स्वीकृत है. यह नीति ऐसे भुगतानों का निषेध करती है.

**प्र.** *कई कंपनी कर्मचारी औद्योगिक प्रशिक्षण अधिवेशन की योजना में सहायता कर रहे हैं और वे वहां उपस्थित भी रहेंगे. हम एक सरकारी अधिकरी को इस अधिवेशन में उपस्थित रहने के लिए निमंत्रित करना चाहते हैं. क्या इस प्रशिक्षण अधिवेशन में आने जाने और रहने का खर्चा इन अधिकारी को दिया जा सकता है ?*

**उ.** नहीं. जब तक की असामान्य परिस्थितियां न हों, आप ऐसी यात्रा एवं रहने के खर्च का भुगतान अमेरिका के सरकारी अधिकारियों को नहीं करेंगे. आप प्रबंधन और/या कानून विभाग से दिशा-निर्देश लें.

## अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

**निर्यात नियंत्रण, प्रतिबंधन और अंतर्राष्ट्रीय बहिष्कार**

आम तौर पर, कंपनी द्वारा अमेरिका के बाहर कुछ भी भेजने पर किसी प्रकार के निर्यात लाइसेंस की आवश्यकता होती है. ज्यादातर मामलों में, कंपनी के उत्पादों को सामान्य लाइसेंस के तहत भेजा जा रहा है. अन्य मामलों में, आपको अमेरिकी सरकार से विशिष्ट निर्यात लाइसेंस के लिए आवेदन करने की आवश्यकता है. यदि आप निर्यात प्रक्रिया में शामिल हैं, तो आपको प्रत्येक शिपमेंट के लिए लाइसेंस की आवश्यकता का निर्धारण करना चाहिए.

इसी तरह निर्यात नियंत्रण संबधी प्रतिबंध कई देशों में लागू होते हैं. प्रत्येक सौदे पर, यदि लागू हो तो, आपको अमेरिकी निर्यात नियंत्रण संबधी कानूनों और उन अन्य अधिकार क्षेत्रों के निर्यात नियंत्रण संबधी कानूनों, दोनों का पालन करना है.

कभी कभी अमेरिकी सरकार और अन्य देशों की सरकार एक देश के खिलाफ आंशिक या पूर्ण व्यापार प्रतिबंध लगाते हैं. ऐसा प्रतिबंध, प्रतिबंधित देश से आयात और निर्यात पर रोक लगाता है, और इसमें प्रतिबंधित देश के नागरिकों के अमेरिका में बैंक खातों को भी फ्रीज करना शामिल हो सकता है.

कुछ परिस्थितियों में, अमेरिकी सरकार संयुक्त राष्ट्र द्वारा लगाए गए प्रतिबंधन का समर्थन करती है. अन्य परिस्थितियों में, अन्य देशों या कंपनियों द्वारा प्रतिबंधन का समर्थन न होने पर भी, अमेरिका विशिष्ट देशों पर एकतरफा प्रतिबंधन लगाना चुन सकता है. यह प्रत्येक व्यक्तिगत प्रतिबंधन की क़ानूनी आवश्यकताओं पर निर्भर करता है की विशेष प्रतिबंधन, कंपनी की केवल अमेरिका स्थित व्यापार इकाइयों पर या फिर गैर - अमेरिकी व्यापार इकाइयों पर भी लागू होगा.

अमेरिकी बहिष्कार विरोधी कानूनों और नियमों के तहत, न तो कंपनी और न ही इसकी सहायक कम्पनियाँ, शाखाएँ या कार्यालय ऐसा कुछ भी करेंगी जो अमेरिकी सरकार द्वारा असमर्थित /समर्थित नहीं है बहिष्कार का अनुपालन या सुदृढ़ करती है. इसराइल के खिलाफ अरब लीग के कुछ सदस्यों द्वारा और अन्य इस्लामी देशों द्वारा लगाए गए गौण बहिष्कार से कंपनी प्रभावित है. इस बहिष्कार में, आप न तो भाग लेंगे और न ही ऐसी कोई जानकारी देंगे जिससे इसे सहायता मिले. यदि आप एक बहिष्कार का अनुरोध प्राप्त करते हैं, तो आप अमेरिका के वाणिज्य विभाग को इस अनुरोध की सुचना अवश्य देंगे. यदि आपके पास कोई प्रशन या चिंता है तो विधि विभाग से संपर्क करें.

*[संदर्भ/ उल्लेख मूल नीतियाँ: निर्यात नियंत्रण, अमेरिकी बहिष्कार विरोधी कानून और नियम]*

**प्र.** *मैं यूरोप में बिक्री प्रतिनिधि हूं. यूरोप के मेरे ग्राहक, अमेरिकी मूल के उत्पाद जो हमारे यूरोप के ठिकानों पर भंडारित किए गए हैं, क्रय करके एशिया के एक देश को पुन: विक्रय करना चाहते हैं. मुझे क्या करना चाहिए?*

**उ.** अमेरिका और स्थानीय यूरोपिय निर्यात नियंत्रण कानूनों के अंतर्गत आपको निर्धारित करना होगा कि (1)क्या ये उत्पाद नियंत्रित वस्तुएं हैं, (2) क्या अंतिम-प्रयोक्ता गंतव्य देश वर्जित देश है, (3) क्या अंतिम-प्रयोक्ता ऐसे उत्पादों को प्राप्त करने के लिए बाधित किया गया है, (4) क्या इन उत्पादों का अंतिम उपयोग किसी सैन्य उद्देश्य के लिए है (उदाहरण के लिए बम, प्रक्षेपास्त्र या रसायनिक या जैविक हथियारों के उत्पादन या विनिर्माण के लिए). सहायता के लिए कानून विभाग को संपर्क करें.

**प्र.** *दक्षिणी अमेरिका के मेरे एक ग्राहक ने अमेरिकी मूल के एचबी फुलर उत्पादों के क्रय का आर्डर भेजा है. यह उत्पाद दूसरे गंतव्य स्थान के लिए जहाज द्वारा पुनः भेजे जाएंगे. ऐसा लगता है कि गंतव्य देश पर अमेरिका समर्थित संयुक्त राष्ट्र का प्रतिबंधन लागू है. ऐसे ऑर्डर के लिए मेरी प्रतिक्रिया क्या होनी चाहिए?*

**उ.** जैसे ही यह निर्धारित हो जाता है कि बिक्री का अंतिम गंतव्य प्रतिबंधित देश है, आप दक्षिण अमेरिका की कंपनी को और कोई मौखिक या लिखित टिप्पणी न दें बल्कि तुरंत कानून विभाग को सभी प्रासंगिक विवरणों के साथ ऑर्डर भेजें.

**प्र.** *मध्य पूर्व में एक संभावित ग्राहक द्वारा मुझ से पूछा गया है कि क्या एचबी फुलर इसराइल में कारोबार करता है या कोई बिक्री प्रतिनिधि है जो इजरायल के नागरिक हैं. मुझे क्या प्रतिक्रिया देनी चाहिए?*

**उ.** संभावित ग्राहक को आप को कोई भी मौखिक या लिखित प्रतिक्रिया प्रदान नहीं करनी चाहिए बल्कि इस पूछ-ताछ को सभी प्रासंगिक जानकारी के साथ तुरंत कानून विभाग को विचारार्थ भेजना चाहिए. बहिष्कार विरोधी नियम जटिल हैं, और कोई भी प्रतिक्रिया से पहले विशिष्ट कानूनी मार्गदर्शन की

आवश्यकता होगी. यदि पूछ-ताछ उन नियमों का उल्लंघन करती है तो कंपनी को अमेरिकी सरकार को भी पूरा वर्णन देना होगा. प्रतिबंधित देश को प्रस्तावित विक्रय की समीक्षा कानून विभाग द्वारा करी जाने की आवश्यकता है.